Out of the total school drop-outs, the percentage of girls is 53 and that of boys of 48. These figures show the plight of the children.

I would like to quote Swamy Vivekananda:

> "Let positive, strong, helpful thoughts enter into children's brains from very childhood. Teach them that they are all glorious children of immortality."

With these words, I would like to thank the Chair for giving me the opportunity.

उपाध्यक्ष महोदय:आपकी पार्टी के किसी और किसी मैम्बर को टाइम नहीं मिलेगा, आपने इतना टाइम ले लिया। श्रीमती रूबाब सईदा।

श्रीमती रूबाब सईदा (बहराइच):माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आज मैं आपका खास तौर पर शुक्रिया इसलिए अदा करना चाहती हूं कि आपने मुझे समय दिया। इससे पहले एक बार इत्तेफाक से जब मैं पहली स्पीच बोली थी, तब भी आपने ही मुझे समय दिया था, वह भी दो मिनट का और आज भी दो मिनट का ही समय है।

उपाध्यक्ष महोदय: वह भी मेरी मजबूरी थी और आज भी मेरी मजबूरी है।

श्रीमती रूबाब सईदा : मैं आपकी बहुत शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे आखिर वक्त दिया।

उपाध्यक्ष महोदय:आज मैं आपको पांच मिनट का समय दूंगा। आज आप पांच मिनट ले लें।

श्रीमती रूबाब सईदा : आज जो विाय हमारे सामने है, यह वाकई काबिले गौर है और मैं इस बात के लिए और भी खुश हूं कि हमारी मोहतरमा मिनिस्टर साहिबा, जो एक मां भी हैं, बहन भी हैं, एक बेटी भी हैं और माओं के लिए एक मां का दर्द लेकर आई हैं, एक बहन का दर्द लेकर आई हैं। इन्होंने इस तरह का एक सजेशन रखा कि एक अलग से मंत्रालय इसका होना चाहिए। इस पर अमल करते हुए आपने जो कदम उठाया है, वह वाकई काबिले तारीफ है। मुझे चकबस्त के अल्फाज़ याद आ रहे हैं कि अपने बच्चों की खबर कौम के मर्दों को नहीं, ये हैं मासूम, इन्हें भूल न जाना हरगिज़। आज इसी बात को यहां पर काफी देर से हमारे सब साथी गौरोफिक्र कर रहे हैं, सोच-विचार कर रहे हैं। जिस हालत में हमारे बच्चे आज पहुंच गये हैं, जबकि हमारी आजादी के इतने वर्ा पूरे करने के बाद भी यह कहा गया था - बच्चों तुम तकदीर हो, कल के हिन्दुस्तान की, बापू के वरदान की, नेहरू के अरमान की - इतना होते हुए भी आज हमें अफसोस के साथ यह कहना पड़ रहा है कि बच्चों की दीगरगू हालत को देखते हुए हमें

एक अलग से मंत्रालय बनाने की आवश्यकता पड़ रही है। ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि आहिस्ता-आहिस्ता इस तरफ हमने ध्यान देना बन्द कर दिया। हमारे देश में बड़ी-बड़ी स्कीमें बनीं, देश की तरक्की के लिए पंचवर्षीय योजनाएं बनीं, बड़े-बड़े काम हुए, लेकिन उन सब में बच्चों का ख्याल कहीं खो गया। बच्चे, जो हमारी बुनियाद हैं, बच्चे जो हमारे देश का भविय हैं और बच्चे जो हर मां का अरमान हैं, हर बाप की उम्मीद हैं, अगर हम उन्हीं को थोड़ा सा भी नैग्लैक्ट कर देंगे तो हमारा देश कमजोर हो जायेगा, यह बात हम अच्छी तरह से समझते हैं। जब यह समस्या बहुत ही गम्भीर हालात को पहुंच गई तो आज हमने इस तरह के कानून बनाने शुरू किये। जैसे चाइल्ड लेबर कानून आया। जैसे ही चाइल्ड लेबर कानून के प्रैक्टिकल आस्पैक्ट्स हमने सोचे कि 15 वर्ा तक की आयु के बच्चों को चाइल्ड लेबर से हटा लेना चाहिए और जो उनसे काम कराएंगे, उनको पनिशमेंट दिया जायेगा, सजा दी जायेगी, लेकिन क्या हमने कभी यह सोचा कि ये बच्चे जब वहां से हट जाएंगे, जो बेचारे दो वक्त की रोटी के लिए काम करते हैं, शाम को जब घर पैसा ले जाते हैं तो उनके घर में रोटी पकती है, आम तौर पर सब जगह यही हालत है। मैं किसी जाति विशेा की बात नहीं कर रही, मैं किसी धर्म विशेा की बात नहीं कर रही, न ही मैं किसी विशेा समाज की बात कर रही, बल्कि आज तो यह पूरे हिन्दुस्तान की समस्या है। आज इन समस्याओं को मिलकर जब तक हम दूर नहीं करेंगे, यह गौर करेंगे, यह संजीदगी से सोचेंगे, फैक्ट्स एण्ड फीगर्स यहां पर लाकर या थोड़ी देर बातें करके, थोड़ी देर डिस्कशन करके यह काम हम पूरा नहीं कर सकते। हर इन्सान जिस जगह पर है, उसी जगह पर रहकर जब तक उन बच्चों के हालात को काबू में लाने की कोशिश नहीं करेगा, उस समय तक हम इस समस्या को दूर नहीं कर सकते।[R47]

आज हमारे सामने चाइल्ड लेबर की समस्या है, लेकिन उन्हें वहां से हटाने के बाद, क्या हमने कोई ऐसे कानून बनाए और ऐसी व्यवस्था की कि वहां से हटकर वे खाना कहां से खायेंगे, कपड़े कहां से पहनेंगे, रहने की जगह कहां से पायेंगे? जो झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं, जिन्हें यहां मुश्किल से दो वक्त की रोटी मिलती है, वे भला पढ़ाई की क्या सोचेंगे? यही सोचकर इस मंत्रालय ने इस ओर ध्यान दिया। हम यह भी सोचते हैं कि आज हमारे पास इतने संसाधन हैं और हमारा देश तरक्की की ओर जा रहा है, क्या हम अपने संसाधनों का इस्तेमाल उन बच्चों की तरक्की के लिए कर सकते हैं, जो हमारे देश में मुहैया हैं या जो हमें मिले हुए हैं। इसी तरह से बच्चों की तालीम और तरबियत की बात है। सबसे पहले बच्चों की हालत सुधारने में स्वास्थ्य की बात आती है। स्वास्थ्य की दृटि से हम यह देखते हैं कि चालीस प्रतिशत बच्चे अधिकतर किसी न किसी बीमारी का शिकार होकर बचपन में ही खत्म हो जाते हैं। कन्या भ्रूण हत्या भी हमारे समाज की बहुत बड़ी प्राबलम है, जो बच्चों से ही संबंधित है। इसी तरह से लड़कियों की समस्यायें तो और ज्यादा हैं। जन्म लेते ही उनके सामने समस्यायें खड़ी हो जाती हैं। पहले तो जन्म की समस्या है कि उन्हें दुनिया में आने दें, और दुनिया में आने के बाद उनको किस तरह से पाला जाए? जहां गरीबी होती है, सबसे पहले वहां बच्चियों की पढ़ाई रोक दी जाती है।

मैं एक बात कहना चाहती हूं कि बच्चियों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके खाने-पीने की व्यवस्था और उनके कपड़ों की व्यवस्था इस प्रकार से की जाए ताकि वे मां-बाप को बोझ महसूस न हों। उनकी पढ़ाई के लिए ऐसे इंसेंटिव्स दिए जाएं ताकि मां-बाप उन्हें पढ़ाने के लिए बाध्य हो जाएं, स्कूल भेजने के लिए बाध्य हो जाएं। वे बातें तो चाइल्ड लेबर कानून में भी नहीं आ रही हैं, क्योंकि उनको जब घरेलू काम के लिए भेज दिया जाता है, तो उन्हें चाइल्ड लेबर के तौर पर भी नहीं देखा जाता है, जबकि घरेलू काम तो उससे भी ज्यादा मेहनत का है। अगर देखा जाए, तो यह चौबीस घंटे की ड्यूटी है, जो लड़कियां करती हैं। ऐसी लड़कियों के लिए, जिनको घरेलू कामों में लगा दिया जाता है, स्कूल भेजने के लिए कोई विशेा कानून या व्यवस्था बनायी जाए - ऐसा मेरा सजेशन है। मैं आप से यह दरख्वास्त करूंगी कि अपने देश की बेटियों के हालात को देखते हुए, आप इस तरह के कदम उठाएं जिससे उनके हालात और बेहतर हो जाएं और वह मां, जो देश को अच्छे नागरिक दे सकती है, वह मां जो देश को मजबूत बना सकती है, वह अपना स्वास्थ्य भी देखे, अपनी एजूकेशन भी देखे। इसी तरह से हम जैसी मां, जो बच्चों को छोड़कर काम के लिए बाहर आती हैं और मैं इस बात को जरूरत मानती हूं, इसके साथ ही मैं बहन तेजस्विनी जी की बात से सहमत हूं कि शायद हम लोग अपने बच्चों को ज्यादा समय नहीं दे पाते। ऐसी महिलाएं तो रिजोल्व करके ही आयी हैं कि हमें देश के लिए सेवा करनी है, हमें देश के लिए कुछ काम करना है। उन बच्चों के लिए कुछ काम हमें करना है, अपने बच्चों को थोड़ा छोड़ भी दें, तो हमें उन बच्चों के लिए काम करना है, जो आज भी हमें दोनों हाथ बढ़ाकर पुकार रहे हैं, बुला रहे हैं कि आइए हमारी मदद करिए।

आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : आज आपको गिला नहीं रहना चाहिए। आज आपको आठ मिनट बोलने के लिए दिए गए।

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): I was not expecting that I will be called to speak.

उपाध्यक्ष महोदय : आप सुन लें कि वह क्या कहना चाहते हैं?

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Since I have been called now to speak, I would like to make some comments with regard to the Child Rights (Amendment) Bill.

There is one provision in the Bill that the Human Resource Minister will be the Chairman of the Selection Committee. Naturally, after the formation of the new Ministry now, the Chairmanship will go to the new Minister who is in charge of women empowerment.[R48]

I wish you all success in your new position. But in the meanwhile, I have to make some comments. We have passed Protection of Child Rights Bill. Now it is an Act of the land. We are duty bound to protect the child. It is a constitutional duty and the children are entitled to get protection under the law. Now in this case, in India, we have the largest percentage of child labour and that still continues in spite of the fact that the Act banning the child labour throughout the nation has come into effect. But the net result is that it is only on paper and the child labour is still continuing in our country. If you have any doubt about it, you can verify that still the child labour is in existence. The law has not been implemented properly. No implementation authority has been appointed in any State. Subject to correction, no State has taken effective steps for banning child labour. The concerned implementing officer is not at all appointed. It still goes on like this. In spite of the fact that months have passed after the law became effective but unfortunately, the position is same as it was before.

15.51 hrs. (Shri Giridhar Gamang *in the Chair*)

Now you would be becoming the Chairman of a Committee which is entitled to appoint a Commission also. So, please initiate the rules as early as possible. The rules have not been notified. So, I would request you to take immediate steps. We give full powers to you. I would request you to publish the Bill and appoint the person who are duty bound to implement the provisions of the Act banning the child labour. The Commission is another thing but you should do it at the earliest. You should see that the rules are framed without delay and I think it has already been done but it has not been properly implemented. You also make all the States to see that this law of the land is implemented. The UPA Government is committed to implement it. Giving your lip service will not serve the purpose. I am sorry to say that it has not been implemented in many States. I know it personally and it has to be implemented. That can be done by a direction from the Union Government that no further amount would be released for development work if they do not implement this Act in the proper perspective and the spirit.

With these words, I give you my full support and you to go ahead.

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर): सभापति महोदय, बालक अधिकार संरक्षण आयोग के अंतर्गत आज यहां जो संशोधन पेश किया जा रहा है, मैं उसका समर्थन करती हूं। मुझे इस बात की खुशी है कि महिला बाल विकास विभाग मंत्रालय के अंडर ही यह आयोग गठित किया गया है। इसलिए मैं कुछ सुझाव देना चाहती हूं। इससे पहले कि मैं कुछ और कहूं, माननीय सुमित्रा महाजन जी ने जो बात कही, पहले उसी को आगे बढ़ाना चाहूंगी, जिसमें उन्होंने कहा कि यह विधेयक जम्मू कश्मीर के अलावा लागू होगा। जम्मू कश्मीर को विशेा दर्जा दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद वहां एक सामाजिक समस्या है और इसे सामाजिक समस्या मानते हुए जम्मू कश्मीर के बच्चों की ओर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है।[MSOffice49]

ऐसा मेरा मानना है। इसलिए मैं विशेा तौर पर कहूंगी कि इसमें जम्मू-कश्मीर को भी सम्मिलित किया जाये, क्योंकि आतंकवादी प्रवृत्ति के लोग वहां के बच्चों को उठाकर उन्हें गलत रास्तों पर ले जाते हैं। इस तरीके से उनका सारा बचपन भटक जाता है। हमें इस ओर विशेा ध्यान देना चाहिए। भारत में बच्चों की जनसंख्या पूरे पापुलेशन की 40 प्रतिशत है। इसलिए यह आयोग बहुत महत्वपूर्ण आयोग के रूप में साबित होगा। यहां माननीय मंत्री जी विराजमान हैं। उन्हें इस आयोग के माध्यम से काफी शक्ति मिलेगी। मैं सोचती हूं कि इस आयोग के माध्यम से आप बहुत सा अच्छा काम करवाएंगी, ऐसी हमें आपसे अपेक्षा है। हिन्दुस्तान में बच्चों की 40 प्रतिशत जनसंख्या पर हमें विशेा तौर पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि जनरली हम लोग उन क्षेत्रों पर ध्यान देते हैं, जहां से वोट मिलता है। वोट के लिए जन-प्रतिनिधि कुछ भी काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं, क्योंकि हमें उस क्षेत्र या समाज के उस वर्ग से वोट मिलेगा। जब हम बच्चों के लिए आयोग बना रहे हैं, तो वह काफी शक्तिशाली हो, ताकि उन बच्चों की आवाज को अच्छी तरह से सुना जा सके।

मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूं कि पूर्व में हमारे यहां बाल श्रमिक बच्चों के लिए जो कानून आया था, उसमें जो विसंगतियां रह गयी हैं। उनकी ओर मैं मंत्री जी का आकर्ति करते हुए कहना चाहती हूं कि देश में 4 से 5 करोड़ ऐसे बच्चे हैं जो बाल श्रमिक के रूप में देश भर में काम कर रहे हैं। उनके लिए जो कानून बनाया गया है, उसमें बाल मजदूरों की शिक्षा एवं पुनर्वास हेतु भारत सरकार द्वारा राट्रीय बाल श्रमिक परियोजना संचालित की जाती है। इसके लिए मेरे कुछ सुझाव हैं। पशु चराने वाले, लकड़ी बीनने वाले, खेतों में कार्य करने वाले और भीख मांगने वाले छः से चौदह साल के बच्चों को भी इस परियोजना की परिधि में लाया जाये। वर्तमान में विशेा बाल श्रमिक विद्यालय केवल तीन वर्ा की अवधि के लिए संचालित किये जाते हैं। जब हम ये विद्यालय चलाते हैं, तो उसके पीछे उद्देश्य यह है कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को कुछ व्यावसायिक ज्ञान भी दिया जाये, लेकिन तीन साल इतने कम हैं कि हम उन्हें केवल शिक्षा के प्रति ही जागरूक कर पाते हैं, उन्हें व्यवसाय के साथ हम जोड़ नहीं पाते। इसलिए मैं मंत्री जी से बाल श्रमिक विद्यालय की अवधि बढ़ाने की सिफारिश करती हूं।

इस परियोजना में स्टाइपेंड मात्र 100 रुपये दिया जाता है। वे ऐसे बच्चे हैं जिनको मजबूरन बाल श्रमिक बनना पड़ता है। वे न कोई शौक से बाल श्रमिक नहीं बन रहे और न ही उनके माता-पिता को कोई शौक है कि वे अपने बच्चों को वहां भेजे। देश में गरीबी है, इसलिए उनको इसकी आवश्यकता होती है। यदि घर में चार सदस्य हैं, और उन सदस्यों में कुछ बच्चे हैं, तो बच्चे भी काम पर जाते हैं । जब वे रोजी-रोटी कमाकर लायेंगे तभी दो वक्त का खाना खा पायेंगे। ऐसी स्थिति में जब हम उन्हें डायवर्ट कर रहे हैं, जब हम बाल श्रमिक से हटाक उन्हें कहते हैं कि आप विद्यालय में पढ़ने के लिए जायें और स्टाइपेंड के रूप में हम केवल 100 रुपये देते हैं, लेकिन 100 रुपये इतने कम हैं कि हम उन्हें विद्यालय जाने के लिए आकर्ति नहीं कर पाते। इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि स्टाइपेंड 100 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये किया जाये। इसी तरह विद्यालय में बच्चों के लिए जो गणवेश होना चाहिए, वह भी नहीं दिया जाता। जब हम ऐसी परियोजना चलाते हैं और कहते हैं कि ये बाल श्रमिक बच्चे हैं, इन्हें हम विद्यालय में पढ़ाना चाहते हैं, तो फिर उनके साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। जो बाल श्रमिक बच्चे हैं, वे गणवेश में नहीं आते हैं, क्योंकि उनके पास पैसा नहीं है। यदि सरकार उन्हें गणवेश भी प्रोवाइड करेगी, तो ज्यादा उचित होगा। इसी तरह,

परियोजना के जो प्रभारी हैं, मोनीटरिंग करने वाले हैं, उनकी संख्या जिला स्तर पर बहुत कम है। हमारा आपसे निवेदन है कि इसके फील्ड स्टॉफ में बढ़ोतरी करने की जरूरत है।

मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तहत कन्या भ्रूण हत्या की तरफ दिलाना चाहूंगी। यह इस समाज के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है। हमारी आपसे रिक्वैस्ट है कि कन्या भ्रूण हत्या करने वालों के लिए कड़े से कड़े कानून बनाये जायें, ताकि इसे हम रोक सकें। आज के समय में कन्या भ्रूण हत्या पढ़े-लिखे वर्ग में ज्यादा देखने में आ रही है। एक तरह से हमारे लिए कन्या का जन्म गौरव की बात है। इसलिए जगह-जगह पर कन्या जन्मोत्सव मनाने की बात केन्द्रीय मंत्री अपने इस बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माध्यम से लेकर आये। [MSOffice50]

16.00 hrs.

जहां कन्या होगी, वहां उसका जन्मोत्सव मनाया जाए और सरकार उस पर अपनी ओर से विशेा अनुदान दे, तब मैं समझती हूँ कि यह मान्यता गांव-गांव में प्रचलित होगी कि कन्या का जन्म हम सभी के लिए गौरव की बात है, यह हमारे लिए अभिशाप नहीं है। हम सभी को यह सोचना चाहिए कि कन्या का जन्म हमारे लिए गौरवशाली बात है। साथ ही साथ मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगी कि हम बाल विकास विभाग एवं इस बाल संरक्षण आयोग को बहुत महत्वपूर्ण दर्जा देकर, बच्चों से सम्बन्धित बहुत सी समस्याओं जैसे अगर ड्रॉप आउट रेट बढ़ रहा है तो क्यों बढ़ रहा है, अगर कहीं बाल विवाह हो रहे हैं तो क्यों हो रहे हैं, उसको देखें कि पिन प्वाइंटेडली कौन-कौन से ऐसे समाज हैं जहां बाल विवाह बढ़ रहे हैं। इसके लिए शिक्षा का प्रसार भी आवश्यक है, लेकिन आज की शिक्षा बहुत महंगी हो गयी है। ऐसे बहुत से राज्य हैं जो शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे प्रयास कर रहे हैं, जैसे मैं राजस्थान का उदाहरण देना चाहूंगी जहां पर एक से 12वीं तक की शिक्षा मुफ्त दी जा रही है। ऐसे कुछ राज्यों को प्र ोरित करें और बच्चों की शिक्षा को मुफ्त करें ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे पढ़ाई की ओर आ सकें। इसमें यह जो बाल संरक्षण आयोग है, उसे हम जितना ज्यादा से ज्यादा मजबूत करेंगे, वह हमारे बच्चें के लिए लाभदायक होगा।

महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूँ और इस विधेयक का समर्थन करती हूँ।

SHRIMATI PRIYA DUTT (MUMBAI NORTH-WEST): Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak on this Bill.

I would like to congratulate hon. Minister, Shrimati Renuka Choudhry, for her very progressive vision. At the same time, I would like to point out that it has been almost one year since the Act has come into force. But till date, there has been no Commission that has been appointed. Unless the Commission is appointed, the whole purpose of the Act becomes futile. Therefore, I would request the hon. Minister to please expedite the formation of the Commission.

The increasing rate in the economic growth of our nation has made India as one of the fastest growing developing countries in the world today. We are constantly reminded about the immense potential that lies within this great country bringing us closer to our goal of becoming a global economic super power in the near future. But what is the potential we talk about? When examined closely we see that the future of our country lies in nurturing and education of the youth and more importantly children of our country, for therein lies our true growth potential.

While there has been much to applaud, certain statistics regarding our children still stand out as alarming. About 40 per cent of India's population below the age of 18 years figuring as 400 million is the world's largest child population. About 50 per cent of Indian children aged between 6 and 18 years do not go to school and 16 million children of India are at work. Children form 40 per cent of the total sex workers in India and 5,00,000 are forced into the trade every year. About 3 per cent of India's children are mentally or physically challenged and one our of every six girls do not live to see her 15th birthday. Every sixth child's death is due to gender discrimination. One in every four girls and one in every seven boys are sexually abused and 42 per cent of Indian children will experience some form of sexual abuse before they reach the age of 18. There are four lakh child prostitutes in India and 44,000 children are reported missing annually. Over 100 million are forced into various forms of labour. All these children suffer from human rights violation, their right to home, education, and decent living. We, the representatives of the people of this nation need to take note of the seriousness of the problems faced by the children of India in all forms. [MSOffice51]

We hold our heads high as we claim to be part of the progress and economic growth of our country, but we bow our heads in shame when we hear reports of India becoming the pedophile capital of the world, where child sex tourism flourishes and where children remain unprotected.

Corrective methods must be put in place. For example, in cases of sexual abuse of children, our law recognizes only rape as a crime, which by interpretation does not protect a child who is physically abused. This means that the child will never be protected until and unless he or she is sexually abused.

Basic education is another area of great concern. A majority of public schools or municipal schools do not provide conducive environment for learning. Is a good quality education the prerogative of only the rich? A recent study conducted by the *Times of India* showed that 1,694 students from elite schools in Mumbai pay an annual fee of Rs. 64 crore. This amount virtually equals the entire Municipal Corporations' capital education Budget allotted this year for the infrastructure of 1,656 Municipal Schools and Government-aided schools that serve 6.9 lakh children.

The 86th Amendment places the onus of a child's education on the parents, making education the responsibility of the parents and not that of the State. This lays the foundation for inequality in education. The need to strengthen primary education is important to empower children, specially of the backward classes.

The Labour Ministry recently has placed laws against child labour. It was very welcome that a law like this came about. There must be rehabilitation measures in place to ensure that these children who will be out of work are not on the streets and further exploited by anti-social elements. We need to take note that children are the most vulnerable and very easily exploited.

The statistics mentioned earlier are alarming and the numbers are growing rapidly. We must consider the social impact this would have on the future of our country as our efforts to protect and nurture our children are failing.

The National Commission for the Protection of Rights of Children will be welcome and a positive step towards a better tomorrow. But we have laws, policies and as many as 122 programmes and schemes to address their needs, but we still do not see any visible change. There are laws against child marriage, child labour, sex determination, child abuse and many laws which have the intention of protecting our children, but what we lack is the implementation.

We need to address the problems of the children as a whole rather than laying responsibility on various Ministries. For example, problems relating to disabled children with the Social Welfare Ministry, working children with the Labour Ministry; education with the HRD Ministry, while the rest are clubbed with the Ministry of Women and Child. We are very happy that the Ministry of Women and Child has come out on its own and got a Cabinet position, which gives so much power to it.

I would like to quote our hon. Prime Minister as he addressed the Leadership Summit recently. He said:

> "We need a polity which is inclusive, equitable, caring and just. We need a social order which every citizen owns and is proud of. These are goals which will take us to our destiny. "

I would urge the hon. Members of this august House to take note of the alarming facts and unify in taking corrective measures to address the needs of our children.

Thank you for giving me this opportunity.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बालक अधिकार संरक्षण आयोग (संशोधन) विधेयक, 2006 पर बोलने का मौका दिया। इस देश के 40 प्रतिशत आबादी की बात और उसके हित की बात इस बिल के माध्यम से हम कर रहे हैं। इस क्रम में सबसे पहले मैं हमारी यूपीए सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा।[R52]

यूपीए की सरकार जिसने महिला एवं बाल विभाग को एक अलग विभाग का दर्जा देने का काम किया है, इसकी महत्ता को समझा है, उसको मैं धन्यवाद देता हूं। विगत दिनों जिस तरह से राइटर फाउंडेशन ने बताया कि जहां तक बालकों की असुरक्षा का सवाल है तो भारत का स्थान असुरक्षा के मामले में विश्व में छठा है। इससे आप सहमत हों या असहमत हों, यह अलग बात है लेकिन बालकों की सुरक्षा के मामले में हमारा देश, विश्व में, सबसे अच्छा तो नहीं है। भारत को सबसे अच्छा देश बनाने की दिशा में जो प्रयास किये जा रहे हैं - चाहे अलग विभाग बनाकर या इन वियों को एम्फेसाइज करके, इसके लिए माननीय मंत्री रेणुका चौधरी जी बधाई की पात्र हैं। जब से उन्होंने इस विभाग का कार्य संभाला है, तब से अनवरत रूप से काम करने की शुरुआत इन्होंने की है। जहां तक गांव और देहात की बात है तो कुछ बच्चे तो सिल्वर स्पून लेकर जन्म लेते हैं लेकिन अधिकांश बच्चों का जन्म आंसू और कराह के बीच होता है। उन बच्चों के ऊपर ये सारे कानून किस प्रकार से लागू किये जाएं जिससे वे सुरक्षित रह सकें, यह देखने की बात है।

चाइल्ड लेबर लॉ जो है उसको लागू करने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था होनी चाहिए। सदन में जब पहले इस पर चर्चा हुई थी तो मैंने कहा था कि कानून के लागू होने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था होनी चाहिए, नहीं तो हम बच्चों को सड़क पर लाकर और बड़ी समस्या की शुरुआत करेंगे। अगर हमने बिना पुनर्वास के इस कानून को लागू किया तो और बड़ी समस्या को हम जन्म देंगे। संरक्षण गृहों में रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देकर एवं महिलाओं को बिहेवियर मैनेजमेंट की ट्रेनिंग देकर हम बच्चों के सुधार में और उनके रोजगार में सहायक बन सकते हैं। महिलाओं का बच्चों के उन्नयन में बहुत योगदान होता है, इसलिए महिलाओं की ट्रेनिंग को महत्व दिया जाना चाहिए, उस पर विशेा जोर दिया जाना चाहिए। महिलाओं को बच्चों की ट्रेनिंग के लिए डिप्लाए किया जाना चाहिए। देखा गया है कि सुधार-गृहों में बच्चों को प्रताड़ित किया जाता है। इस आयोग के माध्यम से इस तरह की घटनाओं पर प्रतिबंध लगाने की जरुरत है। आपने सन् 2010 तक 6 वर्ा से लेकर 14 वर्ा तक के बच्चों की प्राइमरी शिक्षा के लिए करीब 1,57,967 स्कूलों का अनुमोदन किया है। मैं मानता हूं कि यह एक बहुत बड़ा कदम है। जिन बच्चों को शिक्षा के अभाव में जिल्लत उठानी पड़ती है वे पढ़-लिखकर अच्छे नागरिक बन सकेंगे। इसके साथ-साथ शिक्षा-गारंटी-स्कीम एवं वैकल्पिक शिक्षा के लिए 63 लाख बच्चों को नामांकित किया गया है, उसके लिए भी धन्यवाद। बच्चों के पूरक पोाण के लिए जो आपने वित्तीय मानकों को दुगुना किया है, उसके लिए भी माननीय मंत्री महोदया बधाई की पात्र हैं। उन्होंने इस बात को समझा है कि पोाण के अभाव में बच्चों का विकास कैसे होगा? जीरो से पांच वर्ा की आयु के लगभग 13.4 प्रतिशत बच्चे इस देश में हैं। बिना पोाण के हमारे देश के बच्चों का भविय कैसा होगा? देश का भविय बच्चों के सही विकास पर निर्भर करता है। अब तक कुपोाण के कारण गांवों के बच्चों को आगे बढ़ने के मौके नहीं मिल पाते थे लेकिन अब उनको आगे बढ़ने के मौके मिलने लगे हैं। इस दिशा में आपके द्वारा किये गये प्रयासों को मार्ग मिलेगा, ऐसा मैं समझता हूं।[r53]

इस देश की 40 प्रतिशत आबादी को भी पूरा अधिकार है कि ज्यादा पोति, स्वस्थ मानव के रूप में विकसित हों और आने वाले दिनों में यह भारत का भविय है। हमें मंत्री जी से बहुत अपेक्षा है, इस संशोधन के द्वारा मंत्री जी को एम्पावर किया जा रहा है। आपकी पुरानी एक्टीविटीज़ देखकर हम आशा करते हैं कि आप इस विभाग को अच्छी दिशा प्रदान करेंगी। प्रोटेक्टिड बच्चों के साथ भारत का नवनिर्माण होगा। इस विधेयक का हम समर्थन करते हैं और इन्हीं शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करते हैं।

SHRI J.M. AARON RASHID (PERIYAKULAM): Sir, I thank you for giving me this chance to speak. I would like to welcome the Commission for Protection of Child Rights (Amendment) Bill, 2006. I would like to speak in Tamil in this august House. … (*Interruptions*)

SHRI KIREN RIJIJU (ARUNACHAL WEST): Sir, there is no translation.

SHRI J.M. AARON RASHID : I will speak later on.

MR. CHAIRMAN : Why have you not given the notice?

… (*Interruptions*)

SHRI J.M. AARON RASHID : When Shri Shivanna can speak in Kannada, why can I not speak in Tamil?… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: There is no translation. Please speak in English. Had you given notice, then we would have made arrangements.

SHRI J.M. AARON RASHID : All right, Sir, I will speak in English. There are many ways in which many people are doing child abuse. It is prevalent in the industrial sector, more particularly in the garment unit. In the garment units and all, we can see female babies and boys from the age group of 9 to 16 years working. They are doing very hard work. In spite of that, they have been harassed. In the same way, the beedi workers are harassed. In the same way, the paper pickers on the road, the paper sellers on the road are abused. They are all young boys and girls. Their rights have to be protected. For that, the Government have to enact some strict penal laws to cover all these things.

For Sports, it is a separate Department. Sarva Shiksha Abhiyan is under a separate Department. Child welfare rights are under a separate Department. So, all these have to be clubbed under one umbrella so that that Department can do well for the protection of child rights.

Next, children should be given education up to Plus-II level. In India, about 10 to 15 per cent school drop outs are there. Why are they dropping out from the schools? It is because they could not pay the relevant fees in the schools. The private schools are collecting very high fees which the normal, BPL and the middle-class families could not afford to pay. For that, the Government have to bring in some stringent laws to curb that. Unless the Government makes compulsory education up to Plus-II level, it will not happen. More over, the UPA Government under the auspices of Shrimati Sonia Gandhi has given more loans to education. They are giving student loans only for pursuing higher studies like engineering etc. I would request that the student loan should be given from the higher education level itself so that the child labour abuse will go away. The private schools have to be monitored.

Sir, compulsory education is the main source of curbing the child abuse. We have to provide good health care. In the villages, students are having yellow teeth. They do not even have the capacity to buy tooth-paste and other things to protect their health care. So, the Government have to provide proper healthcare facilities. My request is all the child rights should be protected.… (*Interruptions*)[R54]

Sir, *Sarva Shiksha Abhiyan*, child welfare and students sports have to be brought under one umbrella so that we can develop our children properly. For example, in Doha Asian Games, China has got more than 100 Gold Medals whereas India could get only 7 Gold Medals so far. Therefore, to achieve excellence in sports, our children could be trained so that child abuse could also be curbed.

With these few words, I support this Bill.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : सभापति महोदय, आज जिस विाय पर चर्चा हो रही है, उसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि आज का बालक कल का भारत है और हम कल के भारत के बारे में चिंतित हैं। आज तक टॉप प्रॉयरिटी बच्चों को नहीं दी गई

है। करोड़ों ऐसे बच्चे हैं जिन को सुबह का दूध नहीं मिलता, दो वक्त की रोटी नहीं मिलती, ऊपर आकाश नीचे धरती, मां की गोद से दूर वे पल रहे हैं। उन बच्चों के बारे में अब तक चिन्ता नहीं की गई है।

माननीय प्रधान मंत्री श्री मनमोहन सिंह जी ने 2005 के चिन्ड्रन डे के दिन आश्वासन दिया था कि जिन बच्चों की खास समस्याएं हैं, ऐसे बच्चों को टॉप प्रॉयरिटी देनी पड़ेगी लेकिन अभी तक उनको टॉप प्रॉयरिटी नहीं मिली है। आशा है, उन बच्चों को टॉप प्रॉयरिटी दी जाएगी। हम चाइल्ड राइट डे मनाते हैं और पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन को बाल दिवस के नाम से मनाते हैं लेकिन एक दिन बाल दिवस मनाना तथा बच्चों को हंसाना और 364 दिन बच्चों को रूलाना जैसे स्वाभाविक हो गया है। छोटे बच्चों से काम लिया जाता है। छोटी-छोटी फैक्ट्रियों में उनका शारीरिक शोाण होता है। यू.एन. द्वारा 1989 में कन वैंशन ऑन चाइल्ड राइट रखा गया था। परिणामस्वरूप दुनिया के 191 देशों में आज तक कनवैंशन्स रखे जाते हैं लेकिन यह करने के बाद हमें शान्त नहीं रहना चाहिए। उसे और आगे ले जाना चाहिए। आज मीडिया वाले विशेा कर इलैक्ट्रॉनिक मीडिया देश के इकोनॉमिक विकास को बड़े पैमाने पर दिखाते हैं और बातें करते हैं लेकिन वे बच्चों के साथ हो रही हरकतों, परेशानियों, शोाण, अत्याचार और ह्रासमैंट के प्रति शान्त रहते हैं। इस बात को भी उजगार करना चाहिए ताकि देश के बच्चों को सही न्याय मिल सके। 1986 में बना चाइल्ड लेबर एक्ट का अमल हम 20 साल बाद भी ठीक प्रकार से नहीं कर रहे हैं। आज भी उद्योगों में बच्चों से काम लिया जाता है। मैं मानता हूं कि मंत्रालय बदलने और कानून बदलने से काम नहीं होगा। इसके अन्दर समाज की भागीदारी चाहिए। टीचर, वकील, जुडिशियरी, बड़े-बड़े उद्योगपतियों की भागीदारी होगी तभी यह बात बन पाएगी। सुखी बच्चों का सहयोग होगा तो यह काम होगा।

आईसीडीएस द्वारा बच्चों के लिए बहुत सारी योजनाएं चलती हैं जिस में वर्ल्ड बैंक द्वारा लाखों डॉलर्स दिए जाते हैं जिससे देश के 47 परसेंट बच्चे इस योजना के अन्तर्गत आते हैं। अगर हम उचित परिणाम तक नहीं पहुंचेंगे तो बच्चे बहुत दुखी हो जाएंगे। यूएन ने राइट्स ऑफ दी चाइल्ड 1959 में डिक्लेयर किया था। हमारे देश ने 1974 में उसे एडॉप्ट किया। 29 वां बाद भी बच्चों की हालत नहीं सुधरेगी तो क्या होगा? हम बच्चों के बारे में बार-बार चिन्ता करते हैं। उनके मानसिक, शारीरिक, शैक्षणिक और सामाजिक विकास के लिए राज्य की ओर से सहयोग प्रदान किया जाएगा। माननीय मंत्री महोदया बहुत बड़ी उम्मीद लेकर आई हैं और बहुत कुछ करना चाहती हैं लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा जो फंड दिया जाना चाहिए, वह बहुत कम है। [a55]

जब राधाकृणन जी बोल रहे थे, तब मैंने कहा कि राधाकृणन जी बुजुर्ग हैं, वे सौ साल जिएं, अगर भगवान के घर जाना है तो आधे घंटे के बाद समाचार आएगा कि रतिलाल बोलता था वह अब नहीं रहा। लेकिन वे अभी बच्चे हैं, उनके सामने पूरी दुनिया है, वे देश की धरोहर है, देश की नींव है, अगर देश की नींव और धरोहर ठीक नहीं होगी तो आने वाला भारत कमजोर रहेगा, आने वाला भारत दुखी होगा और आने वाले भारत की तरफ सब निगाह उठाकर देखेंगे।

अंत में मैं चार पंक्तियां कहकर अपनी बात पूरी करता हूं हम सभी को साथ मिलकर देश की भावी पीढ़ी, देश की धरोहर, जो बच्चों के रूप में है, उनका रक्षण करना चाहिए, तभी हम गर्व से कह सकेंगे कि हमारा भारत विकासशील देश है।

बालक हैं अनजान, उसे कराओ पहचान कैसे बढ़े हमारी शान

बालक बना अगर बदमाश, देश का होगा सत्यानाश

बालक बना अगर इंसान तो दुनिया में कहलाएगा महान

बालक है अनजान, उसे कराओ पहचान कैसे बढ़े हमारी शान।

हम इन्हीं बालकों के पहचान कराएंगे, आप गांधी जी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सुभाा चन्द्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, झांसी की रानी, महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान के वंशज हैं, आपने दुनिया को अपनी आन और शान दिखानी है।

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Sir, I rise to thank the entire House, first of all. I am deeply grateful to the hon. Members who have shown so much interest and sensitivity towards the issue of the children of India. फिर भी मैं यह कहना चाहती हूं और आपकी नजर में कुछ शब्द उद्धृत करना चाहती हूं और आपके जहन पर असर लाना चाहती हूं कि ये बच्चे हमारे हैं, बच्चों को बड़े लोग सिखाते हैं। बच्चों की जिंदगी और भविय की बुनियाद हम लोग बनाते हैं, बच्चों को स्कूल में जो सिखाया जाता है वे अलग से सीख जाते हैं लेकिन बच्चों के साथ अत्याचार कौन करते हैं? ये उन्हीं के मां-बाप हैं, आज के दिन हमारे देश में एक करोड़ लड़कियों की, अनजन्मे बच्चों की हत्या, भ्रूण हत्या उनके मां-बाप करते हैं। जो बाप अपने बच्चों के लिए पौटिक आहार लाने के बजाय दारु की बोतल खरीद कर लाता है वह उस बच्चे की ऐसी बुनियाद बना देता है और वह पियक्कड़ बाप का बच्चा बनकर रह जाता है और यही आदत अपना लेता है। जो मां-बाप सोचते हैं कि बच्चों की ठीक जिंदगी बना दें, गुनाहगार उनके माता-पिता बन जाते है। अब वह समय आया है कि जब हम अपनी अंतरात्मा से बात करें और असलियत को पहचानें।

We lead our children by example. It is on our shoulders that we have the responsibility today of our society and we have to blame ourselves if we have a troubled society around us because we have failed somewhere, sometime in showing the children the right way to live.

However, despite all those limitations, I am very proud to say that today's generation of young people are more informed, technically so much more savvy, committed to the principles and values they live by, are into fitness, both mentally and physically, and are much more involved in the nation building.

Perhaps, perceiving this, India's first Prime Minister Pandit Jawaharlal Nehru associated himself with children and today across the country we always remember Panditji by celebrating his birthday as Children's Day.

यह एक दिन की बात नहीं है, एक इशारा है कि बच्चों को देश के प्रधानमंत्री ने पहचाना था और उन्होंने इन बच्चों को इतना महत्व दिया था कि ये देश की बुनियाद हैं, उन्होंने ठीक पहचाना था।[r56]

स्व. राजीव गांधी ने एक कदम और आगे बढ़ाया था when he empowered 18 year olds to vote for their country so that they could be the architects of their own destiny and steer this country towards the direction that the young people have inherited. Today, if you look at the world achievement, most of the achievers are very young people, whether it is in the field of sports, business, stock markets or anywhere. You see younger and younger people reaching out and achieving that.

As was pointed out by Shrimati Sumitra Mahajan, yes, we do claim that by the year 2020, India will be the host country for the largest and youngest population and work force of the world in a few years. Having said that, what Priya Dutt *ji* very rightly pointed out are the shocking, dismal statistics of where our children's happiness lies. If we are going to have sexual exploitation; if we are known as the paedophile capital of the world; if we look at education, availability and access to food and food security, and immunization, I do not want to say that it is all bad. बहुत बड़ा प्रयास किया गया है और इस पर अरबों रुपये खर्च किये गये हैं। As long as population continues to grow, children will be deprived of access to natural resource and resource. So to be able to bring about a qualitative nation, there is a larger issue at stake.

Radhrkrishnan*ji* very rightly talked about child labour. But I want to tell him that it is not with me. The Minister of Labour, Shri Oscar Fernandes, deals with it. But, on behalf of our Ministry, we have gone and extended all the support and infrastructure that we have to use such as our homes, our schools and our hostels to the children who need to be rehabilitated. We have informed the concerned officers and it is for them to come and access whatever provisions that we have for the rest of the children because we have a commitment towards every child from them. The rules of the Commission have already been framed. We have notified it on Gazette on 31st July, 2006 and have also been laid in both the Houses of Lok Sabha and Rajya Sabha for this Commission.

Some Members have rightly suggested that there should be woman Chairperson and preference should be given to women Members. We shall look at that. But, I think it is the time that the men are sensitized to veer responsibility. They should not just be figureheads but they should be interactive and be sensitized to children. That is a long issue. I cannot do it unless I am empowered to it by this amendment which I am seeking today.

We have said that the Act should be amended for the Ministry in-charge of Women and Child Welfare for allocation of business rules. These amendments have been formulated in suitable consultancy with the Law Ministry. We have already done all the clarifications.

प्रतिभा जी ने कहा था, the children who are dropouts of schools यह बात सही है कि हम जितनी भी कोशिश करें, एक उम्र के बच्चों को स्कूल से विदड्रा करते हैं. आप जानते हैं कि इतनी छोटी बात है कि स्कूल में हमाम नहीं है Children in adolescent years and reproductive years, because of biological changes, withdraw from school and the parents withdraw them from school because they do not have a simple facility of a basic amenity such as a toilet in the school. आप सोच लीजिये कि अगर हम लोग कहीं जाते हैं, वहां हमाम की सहूलियत नहीं है तो कौन जायेगा, नहीं जा पायेगा। एक बार सोचा जायेगा कि सारा दिन वहां फंस जोयेंगे क्योंकि हमाम नहीं है। हम फिर कहां जायेंगे? इसलिये हमने कई कदम उठाये हैं। We have taken steps to set the foundations, to provide for the basic amenities. We should be able to look at schools and facilitate them under the provision. We hope that greater awareness and greater inputs into education can be facilitated through all of us. एक लफ्ज़ बार-बार कहा जाता है कि इंप्लीमेंटेशन नहीं है, यह हमारी कमजोरी है । यह सही है और मैं मानती हूं कि हमारे देश के हर कानून में नुक्स है क्योंकि हमारे यहां इंप्लीमेंटेशन नहीं होता है। यह कौन करेगा?

कौन इसे इंप्लीमैंट करेगा? क्या यह सरकार का काम है, क्या यह थानेदार का काम है? यह सब हम सबका काम है। हम सब जनता के प्रतिनिधि हैं। यह ज़िम्मेदारी हमें लेनी चाहिए कि जहां हमारे बच्चे पढ़ रहे हैं, उनके स्कूल की क्या हालत है, वे क्यों स्कूल में नहीं जाते हैं और उनके साथ क्या हो रहा है? जब अखबार वाले अखबार में छाप देते हैं कि किसी माँ ने बच्चे को तीस रुपये में बेच दिया तो उसकी धज्जियां उड़ा देते हैं मगर किसी ने नहीं सोचा कि कितना मजबूर होकर माँ ने उस बच्चे को बेचा होगा कि इसकी ज़िन्दगी बन जाएगी क्योंकि मैं नहीं संभाल पा रही हूँ। यह कौन सा समाज है जहां पढ़े-लिखे माँ-बाप तय करते हैं कि रीबॉक जूते और रेबैन ग्लासेज़ के साथ-साथ बच्चे की गाड़ी का रंग भी मैचिंग हो और घर के पर्दे का रंग भी मैचिंग हो। हमारे बच्चे का जैन्डर भी मैचिंग हो और इसलिए हमें लड़की नहीं चाहिए, दो लड़के चाहिए। यह फैसला हम किसको सिखाएं और किसको समझाएं। मैं कौन से डॉक्टर से बात कर सकती हूं उनको समझाने के लिए कि आपने वायदा किया था कि जान बढ़ाएंगे, खत्म नहीं करेंगे? इसलिए मजबूर होकर हमें पीएनडीटी एक्ट लाना पड़ा क्योंकि आप अनजन्मी बच्चियों को पहचान से पहले ही मार देते हैं। यह किसकी ज़िम्मेदारी बनती है? यह हम सबकी ज़िम्मेदारी बनती है। I think, all of us have a collective responsibility to start looking at women and children. इस मंत्रालय को किसने पहले देखा? क्या कुछ काम चला? अरबों रुपये हम खर्च करते हैं, वहां तक पहुंचाते हैं और वहां के लोकल अधिकारी पौटिक आहार खिलाने से भी पीछे

हट जाते हैं। खाना बनकर भी वहां पहुंच जाता है मगर बंटवारा नहीं होता है। मैं किससे सवाल पूछूं? वह शासन खत्म हो गया जब हम बैठकर कह सकते हैं कि सरकार ने यह काम नहीं किया, वह काम नहीं किया। यह ज़िम्मेदारी हम सबकी बनती है। जब तक हम खुद खड़े होकर नहीं करेंगे, तब तक दूसरे लोग नहीं करेंगे। मैं सिर्फ आपको यह वादा कर सकती हूं कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है, इसको मैं मानती हूं कि यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और उतनी ही ज़िम्मेदारी से करेंगे जितनी ज़िम्मेदारी से मैं अपना घर चलाती हूं और अपने बच्चों की देखभाल करती हूं। कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत पढ़ाई नहीं होती है। सरकार का प्रयास है कि हम हर बच्चे को शिक्षित बनाएं और हर बच्चे तक पौटिक आहार पहुंचाएं, जैसे मिड डे मील्स के द्वारा हम करते हैं। शायद आपको जानकारी नहीं है कि हम प्रैगनैन्ट और लैक्टेटिंग मदर्स को भी खाना खिलाते हैं, दान देते हैं, उनका ख्याल रखते हैं। आज के दिन इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी सिस्टम का इंतज़ाम किया गया है कि जो भी इंसान उस औरत को अस्पताल तक पहुंचा देगा, उसे वहां तक पहुंचाने के लिए कुछ पैसे देते हैं वहां तक पहुंचाने की ज़िम्मेदारी लेने के लिए। ऐसे कई कदम हम लोगों ने उठाए हैं। मैं यह नहीं कहता हूं कि यह सब कुछ हो गया मगर सबसे बड़ी बाधा जो मैं सोच रहा था कि कोई न कोई ज़िक्र करेगा, मगर किसी ने ज़िक्र नहीं किया, that is the impact of HIV AIDS on our children. There are two sections of children who are affected. One is children who are affected with HIV and the other is children who are affected by HIV. जिसके माँ-बाप की मृत्यु हो गई, जिसके मां-बाप को एड्ज़ हो गई तो उनके बच्चों को वे ठुकरा देते हैं और उनको स्कूल से हटा देते हैं। उनका खान-पान भी कोई नहीं देखता है। इन बच्चों का क्या कुसूर है? इन बच्चों ने क्या किया है कि पढ़े-लिखे लोग, स्कूल के प्रिंसिपल और हैडमास्टर भी उनको स्कूल से हटा देते हैं? It is this very problem of superstition, ignorance and illiteracy. कभी कभी मैं सोचती हूं कि पढ़े लिखे लोगों की भी यह कमज़ोरी है कि वे शिक्षित हैं और पढ़े लिखे हैं क्योंकि उनका ज्ञान तो बढ़ा नहीं है। पढ़े लिखे लोग भी ऐसा काम करते हैं और उन बच्चों की तरफ इसारा करते हैं कि इनको वहां से हटा दिया जाए। अफसोस इस बात का है कि हमारा पढ़ा लिखा शिक्षित समाज हमारी अनजन्मी लड़कियों को मार देता है, औरत को ब्याह करके घर ले जाते हैं और उसको जला देते हैं, उसको पीड़ित करते हैं, उसको मारते हैं, पीटते हैं, शराब पीकर घर आकर पहचान नहीं सकते कि बीवी कौन है और बच्चे कौन हैं और इसका नाजायज़ फायदा उठाते हैं। इस पर हम क्या कर सकते हैं?[MSOffice57]

That is the tragedy of our times.

My dear friends, today I have brought this Constitutional Amendment because Section 4 of the Commissions for Protection of Child Rights Act, notified in the official Gazette on 20th January, provides for a selection committee, selection of Chairperson of the National Commissions for Protection of Child Rights headed by the Minister in-charge of the Ministry of Human Resource Development. Because of this Ministry getting the due importance by the UPA Government, hon. Dr. Manmohan Singh*ji* saw it right to give it the importance that it deserves for women and children and made it an independent Ministry, this amendment has been brought to facilitate the amendment, to change it from the Ministry of Human Resource to the Ministry of Women and Child Development so that it will enable me to constitute this Commission.

This is the first time in the history of 60 years of independent India that we will be setting up a Child Commission where we will recognize children. We recognize the children in their independent entity. We learn to respect their rights and respect them as individuals, not as extensions of us, and that they will have the voice to raise the question about their own rights.

So, I would like to congratulate all the Members who spoke on this Bill here so passionately because you will go down in the history of this country as people who have steered this Bill to become an actuality so that the children of this country will, for ever, remember that all of you were part of helping establish their rights in our country as the Constitution has so enshrined.

Sir, I commend the Bill to amend the Commissions for Protection of Child Rights Act, 2005, for consideration.

MR. CHAIRMAN : The question is:

"That the Bill to amend the Commissions for Protection of Child Rights Act, 2005, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: The House will now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clause 2 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 2 was added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the long Title were added to the Bill.

MR. CHAIRMAN: The Minister may now move that the Bill be passed.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I beg to move:

"That the Bill be passed."

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.